3346 words
5:12pm 01.03.24

# महामहीम
# रातू विलियामे माईवालीली कातोनिवेरे
*CF, MSD*
**फीजी के राष्ट्रपति**

---

# संसद के 2024 सत्र के उद्घाटन पर संबोधन

- माननीय संसदीय स्पीकर;
- स्थानापन्न चीफ जस्टिस तथा न्यायपालिका के सदस्य;
- माननीय प्रधान मंत्री;
- माननीय उप प्रधान मंत्रियों;
- माननीय मंत्रीमण्डल के सदस्यों तथा सहायक मंत्रियों;
- माननीय विपक्षी नेता;
- माननीय संसद सदस्यों;
- महामहिम, उच्चायुक्त, राजदूत और राजनायिक;
- विशिष्ट अथितिगण;
- देवियों और सज्जनों

मियाउ सा बूला रे तथा सभी को गुड मोनिंग

माननीय संसदीय स्पीकर, संसद सदस्य और विशिष्ट गणमन्य सदस्यगण, कृपया मुझे यह अनुमति दें कि मैं टेलीविजन, लाइव स्ट्रीमिंग और वालेसी प्लेटफोर्म या रेडियो के माध्यम से आज सुबह हमारे साथ जुड़ने वाले हमारे देशवासियों और मित्रों का आभार व्यक्त करने और उनका अभिनंदन कर सकूँ। हमारी संसद के राजकीय उद्घाटन में आपकी गहरी रूचि का मैं आभार व्यक्त करता हूँ।

इस नए संसदीय सत्र के उद्घाटन के लिए आज यहाँ उपस्थित होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

जब मैं इस सम्मानित संसद के माननीय सदस्यों को देखता हूँ, तो मुझे विनम्रतापूर्वक हमारे लोगों की विविध आवाज़ों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करने की आपार ज़िम्मेदारी याद आती है। प्रजातांत्रिक रूप से चुने गए प्रतिनिधियों के रूप में, मैं आपसे माँग करता हूँ कि आप हमारे लोगों की आवाज़ सुनें, न केवल उन लोगों की, जिन्होंने आपको चुना है, बल्कि हमारे सभी नागरिकों, युवा और वृद्ध पुरूषों और महिलाओं की भी सुनें।

मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि आप हमारे संविधान में नीहित प्रजातंत्र और मानवता के सिद्धाँतों को ईमानदारी से अपनाए।

ऐसा करने से हम अपनी संसद की अखंडता और गरिमा का सम्मान करना जारी रखेंगे।

हमें अपने मतभेदों को स्वीकार करना और पहचानना चाहिए; हालाँकि, हमें यह सुनिश्चित करने के लिए एक सामान्य लक्ष्य के साथ एकजुट होना चाहिए कि हम एक प्रगतिशील और समृद्ध राष्ट्र में रहें।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्य और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, संसद के इस कार्यकाल के लिए संविधान की धारा 81(4) के तहत सरकार के प्रस्तावित विधायी एजेंडे, नीतियों और कार्यक्रमों की घोषणा करना मेरा कर्त्तव्य है।

सबसे पहले, मैं विनम्रतापूर्वक आपकी कृपा चाहता हूँ और मुझे कुछ टिप्पणियाँ करने की अनुमति दें, जो मेरा मानना है कि हमारे लोगों और समग्र रूप से हमारे राष्ट्र की निरंतर प्रगति और समृद्धि के लिए प्रासंगिक हैं।

मैंने गन्ने की कटाई के मौसम के दौरान मदुवाता में भारतीय मूल के फीजीवासी किसान परिवारों के साथ अपनी जवानी के कई खुशहाल साल बिताएं हैं

मदुवाता में हमारे एकीकृत समुदाय ने मुझे जीवन में कई महत्वपूर्ण सबक सिखाए जिनमें कड़ी मेहनत, अपने बड़ों तथा दूसरे जातीय समुदाय के प्रति सम्मान और पारिवारिक एकता शामिल है।

फीजी में दो प्रमुख जातिय समाज हमेशा से मिल–जुल कर रहते आए हैं।

हालांकि, यह दुर्भाग्य की बात है कि कुछ बेईमान राजनेता अपनी राजनीतिक स्वार्थ के लिए हमारे समुदायों के बीच अविश्वास भड़काना जारी रखें हुए हैं।

इससे हमारे समाज में सांप्रदायिक मतभेदों की धारणा पैदा हुई है।

माननीय संसद सदस्यों, मैं आप सभी से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूँ कि आप हमारे देश में मेल-मिलाप को बढ़ावा देने के साथ-साथ भिन्नता को भी अपनाए।

मैं संसद सदस्यों को सम्मानजनक बहस के महत्व की याद दिलाना चाहता हूँ क्योंकि इसका हमारे विभिन्न समुदायों के अंतर-जातीय संबंधों पर असर पड़ता है।

नेता होने के नाते, हमें अपने लोगों की सामान्य भलाई के लिए अपने मतभेदों को दूर रखना आवश्यक है। हमें अपने छोटे-छोटे मतभेदों के बजाय अपनी एक तरह की नियति और समानता पर ध्यान देना चाहिए।

मुझे पूरा विश्वास है कि हम सभी इन बुनियादी सिद्धाँतों का पालन कर सकते हैं मेरे लिए यही सच्चा नेतृत्व है। माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, मेरा हमेशा से विश्वास रहा है कि आर्थिक साक्षरता हमारे लोगों को आर्थिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के साथ सशक्त बनाएगी।

आर्थिक जिम्मेदारी की संस्कृति को प्रोत्साहित करने से राष्ट्रीय समृद्धि और सुरक्षित भविष्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

सक्षम वातावरण और आवश्यक आर्थिक संसाधनों के साथ व्यापक आर्थिक साक्षरता प्रदान करके, हम सभी बचत, पूँजी लगाने और अपने पैसों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के बारे में अच्छे निर्णय ले सकते है।

उदाहरण के तौर पर मैं देखना चाहता हूँ कि चोने जो कि डालो के एक किसान हैं और राम जो ठेले पर मिठाईयाँ बेचता है, यह सीखे कि पैसे कैसे कमाए और बचाए।

साथ ही, बचत की संस्कृति को प्रोत्साहित करें जिससे उनके परिवारों की सुरक्षा के लिए एक स्थायी पुँजी की लम्बी योजना विकसित की जा सके।

मैं अपने समाज के नागरिकों को एक-दूसरे की विशेषज्ञता को सीखने और इसे बाँटते देखना चाहता हूँ, ताकि हम सभी एक साथ समृद्ध हो सकें।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, अब मैं इस अवसर का उपयोग गठबँधन सरकार के प्रगतिशील एजेंडे और विधायी कार्यक्रम पर विस्तार से कहना चाहूँगा।

इस साल गठबंधन सरकार के लिए एक प्रमुख प्राथमिकता है एक नई राष्ट्रीय विकास योजना तैयार करना जो हमारी सामूहिक दृष्टि और प्रमुख पहेलुओं तथा कार्यक्रमों को स्थापित करेगी एक राष्ट्र को छोटे समय में और मध्यम अवधि में लगातार विकास करने की अनुमति देगी।

हमारे सभी नागरियों की भलाई में सुधार लाने के लिए सरकार के विकास एजेंडे का मुख्य आधार समावेशी विकास है। वर्तमान में देशभर में परामर्श चल रहे हैं, और मैं हमारे विभिन्न समुदायों को प्रोत्साहित कर रहा हूँ कि वे इनमें भाग लें।

अनुमान है कि इस साल बजट की घोषणा से पहले जून महीने तक योजना को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, नवीनतम उपलब्ध आकड़ों के आधार पर हमारी स्थानीय अर्थव्यवस्था निश्चित रूप से महामारी से पहले वाले स्तर पर वापस आ जाएगी।

इस प्रकार 2024 में 3.8 प्रतिशत और 2025 के लिए 3.0 प्रतिशत बढ़न्ती का अनुमान है।

आज हमारा कर्ज लगभग 9.9 बिलियन डोलर है, जो सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के 75.6 प्रतिशत के बराबर है, और ये हमारे जैसे छोटे कमजोर देश के लिए टिकाउ नहीं है।

राजकोषीय और कर्ज स्थिरता पर सरकार के जोर के बावजूद, नए वैश्विक जोखिम और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी मौजूदा चुनौतियाँ, मध्यम अवधि के लिए महत्वपूर्ण संभावित जोखिम पेश करती है।

सरकार प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों, विशेषकर संसाधन-आधारित क्षेत्रों को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध करके, राजकोषीय बफ़र्स के पुनर्निर्माण और विकास को बढ़ावा देने के बीच संतुलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इसका मतलब है मजबूत और लचीले बुनियादि ढाँचे में पूँजी लगाना और वंचित और कम आमदनी वाले परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाना।

प्रमुख संरचनात्मक सुधार में तेज़ी लाना, सार्वजनिक सेवा वितरण बढ़ाना, बरबादी कम करना, और अल्पावधि में विकास को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की पहल को क्रियान्वित करना प्राथमिकता होगी।

सार्वजनिक आर्थिक प्रबंधन को मजबूत करने के लिए, पारदर्शिता, जवाबदेही और राजकोषीय अनुशासन को बढ़ाने के लिए आर्थिक प्रबंधन अधिनियम और संबंधित कानूनों, विनियमों, निर्देशों की समीक्षा की जा रही है।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, हमारी विदेश नीति के संबंध में, सरकार तीन प्रमुख स्तंभों के तहत फीजी के हितों को आगे बढ़ाना जारी रखेगी जिसमें संप्रभुता, सुरक्षा और समृद्धि शामिल है।

मजबूत बहुपक्षीय और द्वीपक्षीय संबंधों के साथ, हमने अपने विकास भागीदारों का विश्वास जीता है, सहयोग में सुधार किया है और सभी के मित्र और किसी के दुश्मन न होने की हमारी विदेश नीति के आदेर्श वाक्य को मजबूत किया है। सरकार ने पहली बार अपनी विदेश निति पर एक सफेद कागज़ात तैयार किया है।

यह काज़ात फीजी को दुनिया के सामने पेश करेगा; हमारी पहचान, हमारे मूल्यों और कूटनीति के प्रति दृष्टिकोण के बारे में विस्तार से बताएगा।

वर्तमान वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, यूक्रेन और मध्य पूर्व में युद्ध और दुनिया भर में तीस से ज़्यादा अन्य सशस्त्र टकरावों ने सप्लाई चैन में बाधा की वजह से दुनिया भर के व्यापारिक माहौल में अधिक अनिश्चितता और भय पैदा कर दिया है।

हम इतिहास के एक खतरनाक क्षण में हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हमें शान्तिपूर्ण समाधानों को बढ़ावा देना जारी रखना चाहिए।

शान्ति करूणा, देखभाल और दान के समुदायों का निर्माण करती है और समृद्धि एवं विकास की ओर ले जाती है।

इसने सरकार को हमारे ब्लू पैसिफिक-सह-अस्तित्व और मित्रता के शक्तिशाली प्रतीक के संरक्षक के लिए 'शान्ति के महासागर' की अवधारणा को बढ़ावा देने का अवसर दिया है।

हमारे प्रधान मंत्री क्षेत्र और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में शान्ति के महासागर की अवधारणा का समर्थन करना जारी रखेंगे। शांति के महासागर की अवधारणा को प्रशान्त द्वीप के सदस्य देशों को एकजुटता, समृद्धि, सुरक्षा और प्रभाव के अगले स्तर पर ले जाने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जबकि प्रत्येक राज्य के पूर्ण संप्रभुत्व अधिकारों को बढ़ाया नहीं जा रहा है।

यह अनुमान लगाया गया है कि शांति के महासागर की अवधारणा, जिसे एक बार सभी प्रशांत-द्वीप सदस्य देशों द्वारा स्वीकार कर लिया गया और अपनाया गया, प्रभावी रूप से सदस्य देशों के क्षेत्रीय जल के बत्तीस मिलियन वर्ग किलोमीटर को एक प्रमुख भू-राजनीतिक ब्लोक के रूप में तैयार करेगा जो वैश्विक प्ररिदृश्य में प्रशान्त की स्थिति को बढ़ाएगा।

यह प्रत्येक राज्य के प्राकृतिक संसाधनों, समुद्री और अन्य प्राकृतिक विरासत तथा प्रत्येक सदस्य राज्य की अनूठी और विविध संस्कृति, भाषा एवं मान्यताओं की सुरक्षा को भी बढ़ाएगा।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, गठबंधन सरकार हमारे लोगों के बीच सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के लिए हमारी परंपराओं, संस्कृतियों और भाषाओं की रक्षा तथा संरक्षण के लिए कटिबद्ध है।

इसे हासिल करने के लिए, बहुजातीय मामलो का मंत्रालय एक नई नीति रूपरेखा लौन्च करेगा जो ठोस नीतियों, परामर्श और समावेशन के माध्यम से सभी जातिय समुदायों के बीच सामाजिक एकजुटता को बढ़ाएगी।

सरकार 1987, 2000 और 2006 के सत्तापल्टाव द्वारा छोड़े गए दर्द और घावों को ठीक करने के लिए सत्य और सुलह कमिशन की स्थापना के विकल्पों की खोज में हमारे विकास भागीदारो के साथ काम कर रही है।

चीनी व्यवसाय को पुनर्जीवित करने के लिए, 2022 के 1.6 मिलियन टन की तुलना में इस साल के मौसम में गन्ना उत्पादन को 1.8 मिलियन टन तक बढ़ाने के लिए कई पहल विकसित की गई हैं।

व्यवसाय का अन्दर से समर्थन करने के लिए, विश्व बाज़ार मूल्य में उतार-चढ़ाव के खिलाफ किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए वैकल्पिक आजीविका कार्यक्रम विकसित किए जाएंगे।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, हम प्रशान्त क्षेत्र के अन्य देशों की तरह, अपने समुद्री तटों, समुदायों, आजीविका और सुरक्षा पर जलवायु परिवर्तन का सीधा प्रहार सहते है।

यह इस तथ्य के बावजूद है कि वैश्विक उत्सर्जन में हमारा योगदान इतना छोटा है जो विचार करने लायक नहीं है।

प्रशान्त द्वीप देशों पर डाले गए अन्यायपूर्ण बोझ के कारण हमारे अस्तित्व और पहचान के लिए इस खतरे से निपटने के लिए तत्काल कार्यवाई की आवश्यकता है।

इसलिए, हमें न केवल यहाँ घर पर, बल्कि एक क्षेत्र के रूप में भी जलवायु परिवर्तन और समुद्र के स्तर में वृद्धि से जुड़े जोखिम को कम करने के लिए जलवायु शमन और अनुकूलन रणनीतियों को लागू करने में अपने सामूहिक प्रयास को बढ़ाना चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय समझौते और सम्मेलनों की भावना में, सरकार निम्नलिखित नीतियों को लागू करना जारी रखेगी:

(i) उत्सर्जन और जीवाश्म ईंधन पर हमारी निर्भरता को कम करना;

(ii) हमारे लोगों को जलवायु और आपदा प्रभाव से बचाना; और

(iii) हमारे समुदायों की भलाई, लचीलेपन और सतत विकास का समर्थन करें।

हमारी जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया के लिए सरकार, निजी क्षेत्र, विकास भागीदार और नागरिक समाज की तुलना में सभी हितधारकों के बीच प्रभावी सहयोग महत्वपूर्ण है।

हम इसे अकेले नहीं कर सकते, हम सभी को मिलकर काम करना होगा।

इस प्रतिक्रिया में तेजी लाने के लिए मजबूत साझेदारी और जलवायु वित्तपोषण तक पहुँचने की ज़रूरत होगी।

नबावातू के लोगों को उनके नए कोरो नदोईविरि तक खिसकाने का काम इस साल शुरू हो जाएगा।

समुद्री आँधी आना के कारण हुई तबाही तथा खतरे के कारण उन्हें अपना असली स्थान 2021 में छोड़ना पड़ा था।

इन्हें खिसकाने का खर्च 5.9 मिलियन डोलर क्लाईमट चईन्ज रिलोकईशन ट्रस्ट फण्ड, विकसित साझेदार तथा नागरिक समाज संस्थाओं की सहायता से होगा।

इसके अलावा सरकार देश भर में जलवायु परिवर्तन से असर पड़े 44 समुदायों को खिसकाने की ज़रूरत के प्रति सचेत है।

खिसकाने वाली योजना के लिए मौजूदा एसओपी का समर्थन करने के लिए एक मजबूत नीति ढाँचे की तैयारी में प्रकियाएं मौजूद हैं।

पिछले अनुभव से सीखे गए सबक नीति ढाँचे का आधार होंगे।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, सरकार सभी पब्लिक सेक्टर कम्पनियों के अलावा पब्लिक एन्टरप्राईसस में अधिक जवाबदेही, पारदर्शिता और अच्छा शासन प्रथाओं के लिए प्रतिबद्ध है।

हायर सेलरिज़ कमिशन की पुन: स्थापना के परिणामस्वरूप सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं में शीर्ष कार्यकारणी पदों से संबंधित पारिश्रमिक के निर्धारण में एक स्वतंत्र और पारदर्शी दृष्टिकोण सामने आया है।

सरकार, सरकारी सेवा में सहयोग और क्षमता में सुधार करना जारी रखेगी।

मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि सरकारी कर्मचाारियों के योगदान का जश्न मनाने के लिए इस साल 28 जून को सरकारी सेवा दिवस मनाया जाएगा।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगड, जहाँ हमारे टूरिज़्म क्षेत्र का सवाल है, तो यह जानना उत्साहजनक है कि देश में टूरिस्टों के आने की संख्या ने, कोविड से पहले वाले आकड़ों को पार कर गया है।

इस साल के अंत तक, हम पहली बार एक मिलियन टूरिस्टों का स्वागत करने की आशा करते हैं।

टूरिज़्म हमारी अर्थ-व्यवस्था का एक प्रमुख चालक है।

टूरिस्टों की ज़्यादा संख्या का मतलब है ज़रूरी सहायता सेवाओं की बढ़ती माँग जो आगमन की ज़रूरी समर्थन करने के लिए आवश्यक होगी।

सरकार नेशनल सस्टेनेबल टूरिज़्म फ्रेमवोर्क के माध्यम से व्यवसाय के लिए दस सालों की रणनीति लागू करेगी, जो फीजी को वैश्विक यात्रा और टूरिज़्म बाज़ार में स्थापित करेगी।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, शिक्षा लगातार एक प्राथमिकता रहेगी।

देनाराउ घोषणा में उल्लेखित शिक्षा शिखर सम्मेलन के अमल में लाने के परिणामों को आगे बढ़ाया जाएगा।

इनमें शामिल है, एजुकेशन एक्ट की समीक्षा तथा उसे आधुनिक बनाने के साथ-साथ संबंधित कानून, नीतियो तथा कार्यक्रमों पर फिर से गौर करना।

अगले दस सालों के लिए एक नई सेक्टर रणनीतिक योजना का निर्माण, मज़दूर बाज़ार की ज़रूरतों के अनुरूप है, और मज़दूर गतिशीलता के विषय को भी संबोधित करेगा।

हमारी शिक्षा प्रणाली की समग्र समीक्षा करने के लिए एक शिक्षा कमिशन नियुक्त किया जाएगा ताकि यह हमारी ज़रूरतों के अनुरूप पर्याप्त रूप से तैयार हो सके।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, सरकार हमारे व्यापारिक साझेदारों के साथ निर्यात को व्यापक बनाकर फीजी के व्यापार का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सरकार नियमों का पालन करते हुए, बाज़ारों तक पहुँच और टिकाउ वित्त को बढ़ाकर सूक्ष्म, मध्य तथा मध्यम व्यापारों और सहकारी समीतियों का समर्थन करना जारी रखेगी।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार हमारे संसाधन मालिकों की प्रभावी भागीदारी की अनुमति देने के लिए हमारे संसाधन आधारित क्षेत्रों में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देना जारी रखेगी।

सरकार, नेशनल डिजिटल स्ट्रेटिजी और नेशनल साइबर सिक्युरिटी स्ट्रेटिजी जैसी पहलुओं के साथ डिजिटल परिवर्तन के लिए भी प्रतिबद्ध है।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस साल सभी क्षेत्रों में लिंग उत्तरदायी बजट लागू किया जाएगा।

बच्चों के लिए विधायी ढाँचे को आधुनिक और मजबूत करने के लिए चाईल्ड जस्टिस बिल तथा चाइल्डकेयर और प्रोटेक्शन बिल इस साल प्राथमिकता होगी।

सरकार अनुकूल सामाजिक सुरक्षा ढाँचे के माध्यम से जलवायु और आपदा के झटकों के लिए कवरेज के साथ पूरक सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों को बढ़ाना जारी रखेगी।

जैसा कि पिछले साल घोषणा की गई थी, बदलते सुरक्षा परिदृश्य को संबोधित करने के लिए राष्ट्रीय रक्षा समीक्षा जारी है।

हालमें जब्त किए गए लगभग चार टन मेथएमफेटामिन [me-tham-feh-tuh-min] के कारण इलिसिट ड्रग्स कोन्ट्रोल एक्ट तथा संबंधित कानूनों की समीक्षा करने की ज़रूरत है।

पुलिस फोर्स फीजी में और उसके माध्यम से गैर-कानूनी दवाओं की तस्करी और ट्रान्स-शिपमेंट को रोकने के लिए स्रोत-देशों में पुलिस फोर्स के साथ सहयोग करेगा।

अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लड़ाई में धार्मिक संस्थाओं, पारंपरिक और सामुदायिक नेताओं और अन्य हितधारकों के साथ साझेदारी महत्वपूर्ण है।

डिफेन्स, इमिग्रेशन और नेशनल सिक्यूरिटी कानून की समीक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, हमारे स्वास्थ्य क्षेत्र में, सरकार संक्रामक और गैर-संक्रामिक रोगों के बोझ से उत्पन्न महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो हमारी आबादी और अर्थ-व्यवस्था पर काफी बोझ डालते हैं।

हमारी स्वास्थ्य रणनीतियों और स्वास्थ्य कार्यक्रमों से संबंधित सुधारों में प्रभावी वितरण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया जाएगा:

- बच्चे और किशोर के स्वास्थ्य,
- बच्चों को सुई लगाना तथा प्रारंभिक बचपन विकास,
- एचआईवी और एड्स सहित यौन और प्रजनन स्वास्थ्य,
- मातृ प्रजनन स्वास्थ्य, और
- केन्सर से बचाव।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, ईतउकेई अफेयर्स एक्ट के नीचे, ग्रेट काउन्सिल ओफ चीफ्स की स्थापना दोबारा की गई है। पिछले हफ्ते हुई सफल सभा में काउन्सिल के सदस्यों, सभापति तथा दो उप सभापतियों की नियुक्तियाँ हुई।

काउन्सिल अब जी.सी.सी रिव्यू टीम की आखरी रिपोट पर गौर करेगी जिसमें कई सुझाव दिए गए है ताकि नई काउन्सल की स्वतंत्रता और संरचना सुनिश्चित किया जाए। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि यह ध्यान में रखा जाए कि वो राजनीतिक तौर से किसी का पक्ष न लें।

मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि व्यापक परामर्श प्रक्रिया के बाद **पारंपरिक ज्ञान और संस्कृति का एक बिल** इस साल बाद में संसद में पेश किया जाएगा।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, सरकार, स्टेट लेन्ड्स एक्ट तथा संबंधित कानूनों पर फिर से विचार करेगी ताकि प्रक्रियाओं को फिर से व्यवस्थित किया जाए और आमदनी बटोरने में सुधार लाया जाए।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, पानी हमारे सामाजिक आर्थिक विकास के लिए एक बुनियादी ज़रूरत और महत्वपूर्ण है।

हमारे पानी और स्वच्छता बुनियादी ढाँचे के लिए लम्बे समय की योजना की ज़रूरत है।

जलक्षेत्र 2050 रणनीति जल और दुषित जल क्षेत्र में ज़रूरी पूँजी और वृद्धि पहलुओं की रूपरेखा तैयार करती है।

सरकार यह ध्यान में रखने के लिए प्रतिबद्ध है कि हमारे सभी नागरिकों को पीने के लिए साफ पानी उपलब्ध हो।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, सरकार देश में पानी के जहाज़ का निर्माण करने वाले व्यवसाय को पुन:जीवित करने पर ध्यान दे रही है जबकि लौतोका में एक नई सुविधा के बनने से दोनों स्थानीय और विदेश जाने वाले जहाज़ों को सेवा प्रदान की जाएगी।

इसे पब्लिक और प्रायवट भागीदारी और विकास भागीदारी के समर्थन से हासिल किया जाएगा।

मेरीटाईम ट्रान्सपोट एक्ट 2013 की समीक्षा का उद्धेश्य अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होना और एक सुरक्षित तथा टिकाउ समुद्री यातायात क्षेत्र को बढ़ावा देना है। नेशनल एनेजी नीति 2023-2030 एक लचीले, लागत प्रभावी और टिकाउ उर्जा क्षेत्र के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इसका उद्धेश्य है 2026 तक बिजली तक सार्वभौमिक पहुँच हासिल करना, 2030 तक ग्रीनहाउस गेस

उत्सर्जन में 30 प्रतिशत की कमी लाना और 2036 तक पूरी तरह से नवीकरणीय उर्जा में परिवर्तन करना है।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, खाद्य सुरक्षा और निर्यात के लिए कृषि हमारी अर्थ-व्यवस्था की रीढ़ बनी रहेगी।

सरकार कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए प्रत्येक नागरिक को पर्याप्त, सुरक्षित और पौष्टिक भोजन तक पहुँच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, हमारी कृषि और अन्य संसाधन-आधारित क्षेत्रों के विकास से जुड़ा, ग्रामीण विकास एक प्रमुख राष्ट्रीय प्राथमिकता है।

सरकार ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था को बढ़ाने और हमारे ग्रामीण समुदायों के जीवन स्तर को उपर उठाने के लक्ष्य का समर्थन करने के लिए सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला लागू करेगी।

सरकार ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था को पुनर्जीवित करने और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला को प्राथमिकता देगी, जिसमें वित्त पोषण भी शामिल है:

- स्वयं सहायता कार्यक्रम,
- सामाजिक पहुँच के रास्ते,

- फुटपाथ और फुटब्रिज़,
- भारी जोखिम वाली जल और स्वच्छता परियोजनाएँ,
- ग्रामीण घरों वाली सहायता कार्यक्रम और
- बेहतर शिपिंग सेवाओं सहित ग्रामीण बाहरी द्वीप विकास कार्यक्रम

मंत्रीमण्डल ने स्वीकृति दी है कि नेचरल डिज़ास्टा मेनेजमन्ड एक्ट को बदलने के लिए एक नया नेशनल डिज़ास्टा रिस्क मेनेजमन्ट बिल इस साल बाद में संसद में पेश किया जाएगा।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि हमारे मज़दूर बल से संबंधित विषयों के समाधान के लिए मज़दूरों, ट्रैड युनियों और सरकार के प्रतिनिधित्व के साथ एक त्रिपक्षीय मज़दूर मंच फिर से स्थापित किया गया है।

ये मंच रोजगार, उत्पादकता, काम करने वाले स्थानों पर संबंधों और नेशनल मिनिमम वेज से संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

एम्पलोएमन्ट रिलैशन्स एक्ट तथा उससे संबंधित कानूनों पर भी फिर से विचार हो रहे है।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, मछली पालन क्षेत्र को विकसित करने में कई चुनौतियाँ है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है।

सरकार हमारे महासागरों को स्थाई रूप से संरक्षित करते हुए समुद्री भोजन की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए ज़िम्मेदार मछली पकड़ने की प्रथाओं का समर्थन करने के लिए रणनीति और कार्यक्रम विकसित करेगी।

फिशरिस एक्ट 1941 और संबंधित कानूनों पर पुन: विचार हो रहे है।

हमारे वन क्षेत्र में जलवायु लचीलेपन और टिकाउ वन प्रबंधन को संबोधित करने पर जोर दिया जाएगा, सरकार 2019 में शुरू की गई पहल पंद्राह वर्षों में 30 मिलियन पेड़ लगाने के अभियान को जारी रखेगी।

सरकार महोगनी व्यवसाय की समीक्षा को प्राथमिकता दे रही है, और विदेशी मुद्रा आमदनी में सुधार और संसाधन मालिकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए स्थिरता और मूल्य संवर्धन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

सरकार प्रायवट सेक्टर और अन्य साझेदारों के साथ काम करेगी ताकि :

- पब्लिक हाउसिंग संसाधन को विकसित किया जाए,
- आमदनी तक पहुँच में सुधार हो और
- ऐसे घरों का निर्माण हो जो खराब मौसम का सामना करने के साथ-साथ उर्जा की भी बचत करें।

सरकार अनऔपचारिक बस्तियों को नियमित करना जारी रखेगी ताकि लोगों को सुरक्षित सम्पति मिल सके।

नगरपालिका के मार्केट में आगे सुधार के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा जबकि वो गतिविधियों की वृद्धि का माध्यम होगा।

सरकार टाउन और सिटी काउन्सल के लिए अपने स्वयं के प्रतिनिधियों को चुनने के लिए रेटपेयर्स को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

नगरपालिका चुनाव आयोजित करने के लिए लौकल गवमन्ट एक्ट तथा चुनाव एक्ट पर पुन:विचार हो रहे है।

माननीय स्पीकर, संसद सदस्यों और विशिष्ट गणमान्य सदस्यगण, जैसे कि हम एक नए संसदीय बैठक की शुरूआत कर रहे हैं, मैं आपसे आग्रह करता हूँ कि आप अपने साथी नागरिकों द्वारा व्यक्त की गई भावनाओं पर विचार करने और उनकी चिंताओं को इस संसद में लाए।

मैं संसद सदस्यों को चुनौती देता हूँ कि वे अच्छी तरह से काम करें, हमारे देश के सामने मौजूद गम्भीर विषयों पर आम सहमति तलाशें और राजनीतिक हित और व्यक्तिगत फायदें से उपर उठकर लोगों को सबसे आगे रखें।

आइए हम चुनौतियों को पहाड़ों के रूप में न देखें, बल्कि सामाजिक एकता के निर्माण की दृष्टि से खुले और रचनात्मक संवाद के साथ आगे बढ़ने और हल करने के सामान्य मिशन के रूप में देखें। हमारे सभी नागरिकों, जहाँ से भी आप इस संबोधन को देख या सुन रहे हैं, मैं चुनौती देता हूँ कि आप अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा बनाई गई नीतियों और निर्णयों के बारे में सूचित रहें, और उन्हें उनके कार्यों के लिए जवाबदेही बनाएं।

मैं अपने सभी नागरिकों से रचनात्मक, सम्मानजनक संवाद जारी रखने और हमारे विविध समाज में समझ और सामान्य आधार तलाशने की माँग करता हूँ।

यह प्रजातांत्रिक तरीका है जिसे हम सभी को महत्व देना चाहिए और संजोना चाहिए।

मैं इस साल के लिए आप सभी की बड़ी सफलता की कामना करता हूँ और अब 2024 संसदीय बैठक की शुरूआत की घोषणा करना मेरा कर्तव्य और बड़ा सम्मान है।

ईश्वर का आशीर्वाद हम सभी पर हो और ईश्वर की कृपा फीजी पर बनी रहे!

विनाका वाकालेवू और बहुत-बहुत धन्यवाद!